**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**

**01.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**किसान सम्मान निधि**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के वाराणसी से देश के नौ करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को लगभग 20 हज़ार 5 सौ करोड़ रुपये की राशि की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री लगभग 2 हज़ार 200 करोड़ रुपये की लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित अपने सरकारी आवास ओक ओवर, में लघु फिल्म 'द लास्ट ड्रॉप' की विशेष स्क्रीनिंग देखी। इस फिल्म में कौन बनेगा करोड़पति फेम अरुणोदय शर्मा मुख्य भूमिका में है। यह फिल्म ग्लेशियरों के पिघलने और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर वैश्विक मुद्दों पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग वर्तमान समय की सबसे गंभीर चुनौतियों में एक है और इसके दुष्परिणामों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच जलवायु संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के इस रचनात्मक प्रयास की सराहना की।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में आज शिमला में विभिन्न विभागाध्यक्षों और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के साथ आधार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में चेहरे से प्रमाणिकरण का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश में शतप्रतिशत सफलता हासिल करने के लिए डीडी टी एंड जी, डाक विभाग और स्कूल शिक्षा सहित सभी विभागों को जल्द आधार नामांकन किट सक्रिय करने और उपलब्ध संसाधनों का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लम्बित मामलों को कम करने के दृष्टिगत 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग को शामिल करने के लिए निजी स्कूलों को निर्देश दिए। उन्होंने पांच वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों के आधार नामांकन को कवर करने के लिए टीकाकरण केंद्रों पर आधार किट तैनात करने को भी कहा।

**जयराम**

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने प्रदेश में पुनः लॉटरी खोलने के मंत्रिमंडल के फैसले की कड़ी ओलाचना की है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार ने एक बार फिर लॉटरी को वैध कर दिया है, जो पहले भी लोगों के घरों को तबाह करने का कारण बनी थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि इन्हीं कारणों के चलते लॉटरी को पहले भी बंद कर दिया गया था।

*हिमाचल प्रदेश में आ लॉटरी को लीगलाइज कर दिया गया है। यानिकी लॉटरी जो बंद की गई थी, बंद इसलिए की गई थी कि बहुत सारे परिवार तबाह हुए, कई घर नीलाम हुए, कई लोगों ने आत्महत्या की, उस कारण से बंद की थी, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के दौर में फिर से इसको लीगलाइज कर दिया जाए, ये फैसला लिया गया और जिसके कारण आने वाले समय में निश्चित रूप से हालात ऐसे बनेंगे कि प्रदेश में वो ही स्थिति फिर से हमारे सामने आएगी।*

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। उधर जनजातीय जिला लाहौल स्पिति के जिस्पा में बीआरओ कैंप के पास बादल फटने से राष्ट्रीय राजमार्ग–3 बंद हो गया है। जबकि केलंग से

दारचा की ओर जाने वाला मार्ग भी अवरूद्ध है। वहीं कुल्लू ज़िला में भारी बारिश के चलते मनाली से अटल टनल होते हुए लाहौल जाने वाली सड़क भी बंद कर दी गई है। धुंधी के पास आज सुबह सड़क धंसने से वाहनों को फिलहाल सोलंगनाला के पास रोक दिया गया है। वहीं मनाली से लाहौल की ओर जाने वाले बड़े वाहनों को रोहतांग दर्रा होकर भेजा जा रहा है। सीमा सड़क संगठन द्वारा सड़क को खोलने का काम युद्धस्तर पर जारी है। इधर चंड़ीगढ़–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंडी में पंडोह डैम से आगे सड़क का एक हिस्सा धंस गया है जिससे ये मार्ग आवाजाही के लिए पूरी तरह ठप्प हो गया है। इसके अलावा शिवाबदार गांव को जोड़ने वाला एक मात्र संपर्क मार्ग भी टूट चुका है। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण पूरी पहाड़ी के खिसकने का खतरा बना हुआ है और एहतियात के तौर पर वाहनों को पंडोह डैम से पहले ही रोक दिया गया है। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी छह अगस्त तक प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

**नए यूपीआई नियम**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम–एनपीसीआई ने आज से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस–यूपीआई के नए नियम लागू कर दिए हैं। नए नियमों के अंतर्गत प्रत्येक लेनदेन से पहले प्राप्तकर्ता का नाम प्रेषक को दिखाया जाएगा। प्रत्येक यूपीआई ऐप उपयोगकर्ताओं को दिन में 50 बार अपना बैंक बैलेंस चेक करने की सुविधा देगा। यूपीआई ऐप्स व्यस्त समय के दौरान यूपीआई पर लोड कम करने के लिए बैलेंस पूछताछ के अनुरोधों को सीमित या रोक भी सकेंगे।